विश्वसनीयता (Reliability) →

किसी प्रदत्त संकलन उपकरण की 'विश्वसनीयता' विशेषता का सम्बंध मापन की चर त्रुटियों (variable Errors) से होता है। मापन उपकरण या परीक्षण की यह विशेषता बताती है कि परीक्षण किस सीमा तक चर त्रुटियों (variable Error) से मुक्त है। विश्वसनीयता का शाब्दिक अर्थ विश्वास करना है। अतः विश्वसनीय परीक्षण वह परीक्षण है जिस पर विश्वास किया जा सके। यदि किसी परीक्षण का प्रयोग बार-2 उन्हीं छात्रों पर किया जाये तथा वे छात्र बार-2 समान अंक प्राप्त करें तो परीक्षण को विश्वसनीय कहा जाता है। अतः परीक्षण की विश्वसनीयता का सम्बंध प्राप्तांकों में स्थायित्व (consistency) से है। यदि परीक्षण से प्राप्त अंकों में स्थायित्व है तो परीक्षण विश्वसनीय परीक्षण के रुप में स्वीकार किया जाता है।

परिभाषा →

अनास्तेसी के अनुसार "परीक्षण की विश्वसनीयता से अभिप्राय भिन्न-2 अवसरों पर या समतुल्य पदों के भिन्न-2 विन्यासों पर किसी व्यक्ति के द्वारा प्राप्त अंकों की संगति से है।"

स्टोडोला के अनुसार "विश्वसनीयता को किसी समूह के व्यक्तियों के लिए समतुल्य परीक्षणों पर प्राप्तांकों के दो या दो से अधिक विन्यासों के मध्य सह-सम्बंध के रुप में परिभाषित किया जा सकता है।"

Scanned with CamScanner

गिलफोर्ड के अनुसार - " विश्वसनीयता परीक्षण प्राप्तांकों में सत्य प्रसरण का अनुपात है।"

विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाले कारक (Factors affecting Test Reliability) →

① परीक्षण की लम्बाई (Test Length) →

परीक्षण की लम्बाई या प्रश्नों की संख्या तथा परीक्षण की विश्वसनीयता के बीच धनात्मक सहसम्बंध पाया जाता है। परीक्षण जितना अधिक लम्बा अर्थात जितने अधिक प्रश्नों वाला होता है उसकी विश्वसनीयता गुणांक उतना ही अधिक होता है।

② परीक्षण की सजातीयता (Test Homogeniety) →

परीक्षण में सम्मिलित किये गये प्रश्नों की सजातीयता / विजातीयता का प्रभाव भी उसकी विश्वसनीयता पर पड़ता है। यदि परीक्षण में सजातीय प्रश्नों की संख्या अधिक होती है, तो उसकी विश्वसनीयता अधिक होती है जबकि अधिक विजातीय प्रश्न वाले परीक्षण की विश्वसनीयता कम होती है।

③ विभेदन क्षमता (Discriminating Power) →

परीक्षण में सम्मिलित किये गये प्रश्नों की विभेदन क्षमता का प्रभाव भी उसकी विश्वसनीयता पर होता है। यदि परीक्षण

Scanned with CamScanner

Date ______
Page ______

में अधिक विभेदक क्षमता वाले प्रश्न होते हैं तो उसका विश्वसनीयता अधिक होती है।

(4) **कठिनाई स्तर (Dufficulty Level)** → परीक्षण के प्रश्नों का कठिनाई स्तर भी उसकी विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। औसत कठिनाई स्तर वाले प्रश्नों से युक्त परीक्षण की विश्वसनीयता अधिक होती है, जबकि अत्यधिक सरल अथवा अत्यधिक कठिन प्रश्नों वाले परीक्षण की विश्वसनीयता कम होती है।

(5) **योग्यता प्रसार (Ability Range)** → छात्रों के समूह की योग्यता के प्रसार का भी विश्वसनीयता गुणांक पर प्रभाव पड़ता है। योग्यता के अधिक प्रसार वाले समूह से प्राप्त विश्वसनीयता गुणांक अधिक होता है जबकि योग्यता में लगभग समान छात्रों के समूह से प्राप्त विश्वसनीयता गुणांक कम होता है

(6) **वस्तुनिष्ठता (Objectivity)** → परीक्षण की वस्तुनिष्ठता व विषयनिष्ठता का प्रभाव भी उसकी विश्वसनीयता पर पड़ता है। साधारणत: वस्तुनिष्ठ परीक्षणों की विश्वसनीयता विषयनिष्ठ परीक्षणों की विश्वसनीयता की अपेक्षा अधिक विश्वसनीय होता है।

Scanned with CamScanner

Date
Page

(6) गतिशीलता (Speededness) → परीक्षण का प्रकार अर्थात गति परीक्षण (Speed Test) सामर्थ्य परीक्षण (Power Test) का भी विश्वसनीयता गुणांक से सम्बंध है। गति परीक्षण की विश्वसनीयता प्राय: अधिक होती है, जबकि सामर्थ्य परीक्षण की विश्वसनीयता प्राय: कम होती है।

Scanned with CamScanner